राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो
National Bureau of Plant Genetic Resources
पूसा परिसर, नई दिल्ली – 110012, भारत

Pusa Campus, New Delhi - 110 012, India

NBPGR रा.पा.आ.सं.ब्यूरो

भाकृअनुप ICAR

फोन : 25841022, 25849545 फैक्स : 011–25842495, 25849459 ई–मेल : purchase@nbpgr.ernet.in

संख्या : 1(17)/क्रय/2015 | 5949 | 10/4020 दिनांक : 16 जनवरी, 2015

सेवा मे,

विषय : वार्षिक मरम्मत अनुबंध के आधार पर वार्षिक रिपोर्ट के अनुवाद के लिए निविदा।

महोदय,

हमें अपनी वार्षिक रिपोर्ट के अनुवाद की आवश्यकता है। अनुवाद कार्य के लिए आपसे निवेदन है कि सविंदा दर दिनांक ....09/2/2015 (2:30 PM) से पहले अधोहस्ताक्षरी को भेजने का कष्ट करें। इस पर उचित प्रकार से (वार्षिक रिर्पोट का अनुवाद) लिखा होना चाहिए। इन्हें ठीक प्रकार से सील बंद करके, निदेशक नई दिल्ली – 110012 के पते पर भेजें।

आवश्यक शर्तों का पालन न करने पर संविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। सविंदाओं को डाक से भेजा जा सकता है, अथवा इस उद्देश्य के लिए ब्यूरो के (गेट न. 2) पर सिक्योरिटी गार्ड के कमरे में रखे संविदा बाक्स में डाला जा सकता है। जिस लिफाफे में संविदा को भेज रहे है, उस पर साफ तौर पर संविदा के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए: जैसे पत्र संख्या, तारीख आदि।

<u>कृपया निविदांए जमा कराते समय निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों का पालन करें:</u>

1. सुरक्षा राशि (बयाना) न्यूनतम रु. 2000/– मात्र किसी भी व्यवसायिक बैंक से आदात खाते में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में निदेशक, राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली को देय होना चाहिए एवं निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है।
2. सुरक्षा राशि, अन्तिम बोली की मान्य अवधि के बाद तक, 45 दिन तक मान्य होनी चाहिए।
3. किसी परिस्थिति में, यदि निविदा को एनबीपीजीआर द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है, परंतु संबधित फर्म द्वारा इसका पालन नहीं किया जाता इसकी सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी।
4. एनबीपीजीआर द्वारा कोई बिक्री कर फार्म (सी) अथवा (डी) जारी नहीं किया जाएगा।
5. लगने वाले विक्रय कर/अन्य प्रभार को विशेष रूप से दर्शाया जाना चाहिए।
6. अधूरी निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. निदेशक, एनबीपीजीआर बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।
8. निविदा के संबंध में, निदेशक, एनबीपीजीआर का निर्णय सभी को मानना होगा।
9. यदि किसी अप्रत्याशित कारण से निविदा खोलने का दिन (अप्रत्याशित घटना सहित) छुट्टी का दिन पड़ता है, तो ठेकेदारों को अगले कार्य दिवस तक उसी समय तक निविदा जमा कराने की अनुमति होगी।
10. परिषद के निर्देशानुसार भुगतान इलेक्ट्रोनिक हस्तांतरण से किया जाएगा। अतः निम्नलिखित बैंक विवरण प्रदान करने की कृपा करें।
    1. आईएफएससी कोड
    2. खाता संख्या
    3. बैंक का नाम एवं इसकी शाखा का नाम

संलग्न : यथोपरि

भवदीय

16/1/15

(दिनेश प्रसाद)

(स. प्र. अधिकारी) (क्रय)

प्रतिलिपि :–

1. डॉ. के.सी. भट्ट, प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, निविदा समिति एनबीपीजीआर, नई दिल्ली
2. डॉ. सुनील अर्चक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी, एरिस प्रयोगशाला, एनबीपीजीआर, नई दिल्ली को ब्यूरो के वेबसाइट पर डालने हेतु।

अनुच्छेदक

कार्य का विवरण	दरें
अँग्रेजी से हिन्दी अनुवाद एवं टंकण 20,000 शब्दों तक	रुपये /-प्रति हजार शब्द
अँग्रेजी से हिन्दी अनुवाद एवं टंकण 20,000-50,000 शब्दों तक	रुपये /-प्रति हजार शब्द
अँग्रेजी से हिन्दी अनुवाद एवं टंकण 50,000 शब्दों से अधिक पर	रुपये /-प्रति हजार शब्द